**नवोदय विद्यालय समिति, पुणे संभाग**

**अर्ध वार्षिक परीक्षा-2024**

**विषय:हिन्दी** **कक्षा-8 (पाठ्यक्रम-अ)** **पूर्णांक : 80**

सामान्य निर्देश:

1) प्रश्न का उत्तर लिखने मे समय तथा शुध्दता का विशेष ध्यान रखे ।

2) सभी प्रश्न अनिवार्य है ।

3) सभी प्रश्नो के सामने अंक निर्देशित है ।

4) अंको एवं सूचना को लक्ष में रखकर उत्तर लिखे।

प्रश्न -1 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए । [5]

जल ही जीवन है । जल ओर मानव जीवन का घनिष्ठ संबंध है । जल की उपयोगिता,शीतलता ओर निर्मलता से सब परिचित हैं । विश्व की प्रमुख संस्कृतियों का जन्म बड़ी-बड़ी नदियों के किनारे हुआ है । नल के नीचे नहाने का और जलाशय में डुबकी लगाने में जमीन आसमान का अंतर है । आज सर्वत्र सहस्रों व्यक्ति प्रतिदिन सागरों, नदियों ,झीलों मेंं तैराकी का आनंद उठाते हैं एवं शरीर को भी स्वस्थ रखते हैं। स्वच्छ तथा शीतल जल में तैरना तन को स्फूर्ति तथा मन को शांति प्रदान करता है । आज तैराकी एक कला के रूप में गिनी जाने लगी है । विश्व मे जो भी खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती हैं उनमें खेल प्रतियोगिता अनिवार्य रूप से सम्मिलित की जाती है । तैराकी व्यायाम है और खेल तथा मनोरंजन का साधन भी है । यानि आम के आम गुठलियों के दाम । यदि आप तैरना जानते हैं तो नदी किनारे खड़े होकर थोड़ी भी प्रतीक्षा करने की जरुरत नहीं । तैरकर नदी पार कीजिए ओर स्वास्थ्य भी बनाइए। साथ ही साथ कलामें निपुण होकर तैराकी प्रतियोगिताओ में भाग लेकर आप विजय ओर ख्याति का अपार आनंद भी प्राप्त कर सकते हैं ।

प्रश्नः (1)जल की महत्ता यह भी है कि विश्व की प्रमुख संस्कृतियाँ-

(क) जल का महत्व स्वीकार करती हैं ।
(ब) अपने ग्रंथों के माध्यम से जल देने वाली नदियों का आभार मानती हैं
(क) जलाशयों के निर्माण पर बल देती हैं
(ड) नदियों के किनारे जन्मी तथा पल्लवित-पुष्पित हुई हैं ।

(2) तैराकी से लाभ है-

(क) जल का आनंद उठाना ।
(ब) शरीर को सजा सकना ।
(क) शरीर को स्वस्थ रखना ।
(ड) तत्काल तैरकर नदी पार कर लेना,स्वस्थ-स्फूर्त होना तथा जल की शीतलता का आनंद लेना ।

(3) जल और मानव-जीवन का धनिष्ठ संबंध है क्योंकि-

(क) जल मीठा होता हैं, लोद उसे पीते हैं ।
(ब) मानव शरीर में 80 प्रतिशत जल ही हैं ।
(क) जल के अनेक लाभ हैं, वह उपयोगी है ।
(ड) जल वर्षा आनंद देती हैं ।

(4) तैराकी की विशेषता है कि वह एक-

(क) व्यायाम,खेल तथा मनोरंजन का साधन है ।
(ब) कला होने के साथ मानसिक स्वस्थता प्रदान करती है
(क) मन को अशांत रखनेवाला खेल होता हैं
(ड) जल का खेल होने से डूबने का डर बना रहता हैं ।

(5) गदयांश में प्रयुक्त लोकोक्ति- आम के आमगुठलियों के दाम- का अर्थ है- ?

(क) एक के साथ दूसरे की बाट जोहना ।
(ब) दोहरा लाभ
(क) लाभ-हानि का साथ-साथ होना
(ड) लाभ की बात करना पर लाभ न होना ।

प्रश्न -2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखो [5]

निर्भय स्वागत करो मृत्यु का,
मृत्यु एक है विश्राम-स्थल
जीव यहाँ से फिर चलता है,
धारण कर नव जीवन संबल
मृत्यु एक सरिता है,जिसमें
श्रम से कातर जीव नहाकर
फिर नूतन धारण करता है
काया रुपी वस्त्र बहाकर
सच्चा प्रेम वही है जिसकी-
तृप्ति आत्म-बलि पर हो निर्भर ।
त्याग बिना निष्प्राण प्रेम है,
करो प्रेम पर प्राण निछावर ।

प्रश्नः (१) कवि मृत्यु के प्रति क्या बनने के लिए कहता है?
(अ)सदय (ब) निर्भय (क) करूण (ड) भयभीत
(२) मृत्यु को कवि कैसा स्थल मानता है ?
(अ) युद्ध (ब) गृह (क) वध (ड) विश्राम
(३) कवि ने मृत्यु की तुलना किससे की है?
(अ) नदी (ब) तालाब (क) कुआँ (ड) नल
(४) सच्चा प्रेम किस पर निर्भर है ?
(अ) प्रेमी पर (ब) प्रेमिका पर (क) आत्मबलिदान पर (ड) संतोष पर
(५) किसके बिना प्रेम निष्प्राण है ?
(अ) कल्पना (ब) त्याग (क) उत्साह (ड) निष्ठा

**प्रश्न -3 निम्नलिखित अनुच्छेद के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए। [5]**

दोषों का पर्दाफाश करना बुरी बात नहीं है। बुराई यह मालूम होती है कि किसी के आचरण के गलत पक्ष को उद्घाटित करके उसमें रस लिया जाता है और दोषोद्घाटन को एकमात्र कर्तव्य मान लिया जाता है। बुराई में रस लेना बुरी बात है, अच्छाई में उतना ही रस लेकर उजागर न करना और भी बुरी बात है। सैकड़ो घटनाएं ऐसी घटती है जिन्हें उजागर करने से लोक चित्त में अच्छाई के प्रति अच्छी भावना जागती है।

**प्रश्न:**

1) दोषों का पर्दाफाश करना है-
(क) बुरी बात (ख) अच्छी बात (ग) निरर्थक बात (घ) इनमें से कोई नहीं

2) आचरण के गलत पक्ष को आनंद लेने के लिए उद्घाटित करना एक-------- है ।
(क) अच्छाई (ख) सच्चाई (ग) भलाई (घ) बुराई

3) लेखक को कौन- सी बात ज्यादा बुरी लगती है?
(क) दोषों को प्रकट करना (ख) आनंद लेने के लिए दोष गिनाना
(ग) बुराई में आनंद लेना (घ) दूसरों की अच्छाइयों को न प्रकट करना

4) इस गद्यांश से क्या सीख मिलती है?
(क) दूसरों के दोष छिपाने की (ख) दूसरों के दोष प्रकट करने की
(ग) दूसरों की अच्छाइर्यां सभी के सामने लाने की (घ) दूसरों की बुराई में आनंद लेने की

5) दोषोद्घाटन का उचित संधि विच्छेद है-
(क) दोष+ओद्घाटन (ख) दोषोद् + घाटन (ग) दोषों+ द्घाटन (घ) दोष+उद्घाटन

**प्रश्न:4 निम्नलिखित काव्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। [5]**

पक्षी और बादल
ये भगवान के डाकिए हैं,
जो एक महादेश से
दूसरे महादेशको जाते है।
हम तो समझ नहीं पाते है
मगर उनकी लाई चिट्ठियां
पेड़,पौधे ,पानीऔर पहाड़
बांचते हैं।

**प्रश्न:-**

1) कवि एवं कविता का नाम लिखिए।
2) काव्यांश में डाकिए कौन है? उन्हें ' डाकिए ' क्यों कहा गया है?
3) इन डाकियों की चिट्ठियों को कौन पढता है?
4) ये डाकिए परंपरागत डाकियों से किस तरह भिन्न होते है ?
5) 'इनकी लाई चिट्ठियों में क्या संदेश रहता होगा? अपने अनुमान से लिखिए।

**प्रश्न:5 निम्नलिखित प्रश्नों के सूचना के अनुसार उत्तर दीजिए। [20]**

1) 'आजीवन ' शब्द में निम्नलिखित में से कौन-सा उपसर्ग है ?
(क) अ (ख) वन (ग) आ (घ) जीवन
2) ' महोत्सव ' शब्द का संधि विच्छेद होता है।
(क) महा+उत्सव (ख) महा+ऊत्सव (ग) मह +उत्सव (घ) महा+ ऊत्सव
3) ' प्रति+एक ' शब्द की संधि जोड़ने पर होता है।
(क) प्रतिक (ख) प्रतिएक (ग) प्रत्येक (घ) प्रतीक
4) ' अग्नि ' शब्द का तद्भव रुप होता है।
(क) अग्न (ख) आग (ग) आगिन (घ) अंगार
5) ' हवा ' शब्द का पर्यायवाची नहीं है।
(क) पवन (ख) समीर (ग) अनल (घ) बयार
6) ' निरर्थक' शब्द का विपरीतार्थक शब्द है।
(क) सार्थक (ख) असार्थक (ग) अनिरर्थक (घ) समर्थक
7) ' वीर ' शब्द का लिंग परिवर्तन होगा-
(क) वीराणी (ख) वीरवती (ग) वीरांगना (घ) वीरता ई
8) फल पेड़ से गिर गया।(वाक्य में कौन सा कारक है।
(क) अपादान (ख) संप्रदान (ग) कर्ता (घ) अधिकरण
9) निम्न में से कौन सा सर्वनाम का प्रकार नहीं है।
(क) अनिश्चयवाचक (ख) निश्चयवाचक (ग) जातिवाचक (घ) पुरुषवाचक
10) संख्यावाचक विशेषण का उदाहरण निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य है ?
(क) प्रसून हॉकी का प्रसिद्ध खिलाड़ी है। (ख) युवराज ने पच्चीस गेंद खेल कर साठ रन बनाए।
(ग) मुझे किलो आटा चाहिए। (घ) यह पुस्तक प्रेमचंद द्वारा रचित है।
11) कर्म के आधार पर क्रिया के कितने भेद है?
(क) दो (ख) तीन (ग) चार (घ) पाँच

12) 'श्रीमान' जी सभा में आए किंतु------- जी नहीं आई। **(श्रीमान शब्द काउचित लिंग परिवर्तन करके लिखें)**

13) जो सरकार के पक्ष में थे वहीं चुनाव आते ही-------- मैं शामिल हो गए।**(उचित विलोम शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए)**

14) निम्नलिखित में से किस से ज्ञात होता है कि क्रिया बीते समय में संपन्न हुई है?

(क) वर्तमान काल (ख) भविष्य काल (ग) भूतकाल (घ) अपूर्ण भूतकाल

15) संजना ने यथाशक्ति दान दिया। (वाक्य में' यथाशक्ति' है)

(क) क्रिया विशेषण (ख) विशेषण (ग) प्रविशेषण (घ) क्रिया

16) ओह! कितना मनोहारी दृश्य है।-वाक्य भेद छाँटकर लिखिए

(क) संकेत वाचक वाक्य (ख) इच्छा सूचक वाक्य

(ग) विस्मय वाचक वाक्य (घ) आजा वाचक वाक्य

17) ' आग बबूला होना ' मुहावरे का अर्थ लिखिए।

18) ' काला अक्षर भैंस बराबर ' लोकोक्ति का वाक्य में प्रयोग करके लिखें।

19) सोहन, मोहन और दीपक जा रहा है।-वाक्य को शुद्ध करके लिखिए

20) मोहन ताजमहल देख आया है। (नकारात्मक वाक्य में बदलिए)

**प्रश्न:6 दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। [8]**

1)------------ अहमदनगर के किले की रक्षा के लिए अकबर की शाही सी से लड़ी थी। (रानी लक्ष्मी बाई, चांद बीबी, रजिया सुल्तान)

2) भारत का नाम------------- नदी के आधार पर पड़ा।(नर्मदा, गंगा , सिंधु)

3) मैक्स मूलर ने-------------- को आर्य मानव के द्वारा कहा गया पहला शब्द कहा है ।(वेद, गीता,रामायण)

4)-------------- का दर्जा विश्व की श्रेष्ठतम रचनाओं में से है।(रामायण, महाभारत, गोदान)

5) चाणक्य ने ---------- की रचना की थी।(अर्थशास्त्र, भौतिक शास्त्र, समाजशास्त्र)

6) अशोक ने------------ धर्म अंगीकार किया था। (हिन्दू, बौद्ध, ख्रिस्ती)

7) अहमदनगर के किले में पंडित जवाहरलाल नेहरू------------ का काम करते थे ।(सफाई, खुदाई, बागबानी)

8) भारत की-----------में----------- स्पष्टत: दिखती है।(विविधता, परंपरा, जातिवाद, एकता)

**प्रश्न:7 निम्नलिखित प्रश्नों का विस्तार से जवाब दीजिए ( किन्ही पांच)। 10**

1) निम्नलिखित दोहे के आधार पर बताइए कि हमें कोई गाली देता है तो उसका जवाब वैसा ही पलट कर क्यों नहीं देना चाहिए?

आवत गारी एक है, उलटत होइ अनेक।<br>
कह कबीर नहिं उलटिए, वही एक की एक।।

2) चिड़िया चोंच में तीन का दबाकर उड़ने की तैयारी में क्यों है? वह तिनकों का क्या करती होगी?

3) जीवन में मस्ती होनी चाहिए, लेकिन कब मस्ती हानिकारक हो सकती है? विस्तार से बताएं।

4) निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए

जग में बैरी कोई नहीं, जो मन शीतल होय ।<br>
या आपा को डारि दे, दया करै सब कोय ।।

5) अब जब भी घर से स्कूल जाते हैं, कोई आपकी प्रतीक्षा कर रहा होता है। सूरज डूबने का समय भी आपको खेल के मैदान से घर लौट चलने की सूचना देता है कि घर में कोई आपकी प्रतीक्षा कर रहा है-प्रतीक्षा करने वाले व्यक्ति के विषय में आप क्या सोचते हैं? अपने विचार लिखिए।

6) भीख मंगोंकी दुनिया में स्वछंद प्यार लूटाने वाला कवि ऐसा क्यों कहता है कि वह अपने हृदय पर असफलता का एक निशान भार की तरह लेकर जा रहा है? क्या वह निराश है या प्रसन्न है?

**प्रश्न:8निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो -चार वाक्य में लिखिए। (किन्ही पांच) 10**

1. अनुमान कीजिए यदि बस जीवित प्राणी होती, बोल सकती तो वह अपनी बुरी हालत और भारी बोझ के कष्ट को किन शब्दों में व्यक्त करती?

2. पत्र लेखन की कला के विकास केलिए लिए क्या-क्या प्रयास हुए हैं? लिखिए।

3. "आदर्श की बातें करना तो बहुत आसान है पर उन पर चलना बहुत कठिन है।"क्या आप इस बात से सहमत है? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

4. मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया?

5. लेखक द्वारा बस की चाल, उसकी दशा तथा गांधी जी के आंदोलन में साम्यता दिखाना कितना उचित है?

6. क्या चिट्ठियों की जगह कभी फैक्स, ईमेल, टेलीफोन तथा मोबाइल ले सकते हैं?

**प्रश्न:9 निम्नलिखित प्रश्नों के दो -चार वाक्य में उत्तर लिखिए। (किन्ही दो) [4]**

1) मानसिक सजाता में गिरावट ने संकीर्ण रूढ़िवादिता को किस प्रकार बढ़ावा दिया?

2) अजंता एवं एलोरा की गुफाओं के माध्यम से हमें क्या जानकारी मिलती है?

3) ' भगवद् गीता 'की विशेषताएं अपने शब्दों में लिखिए।

**प्रश्न:10 आपकी परीक्षा होने के कारण आप अपने मित्र के जन्म दिवस समारोह में शामिल नहीं हो सकते ।इस पर क्षमा याचना करते हुए पत्र लिखि। [4]**

**अथवा**

**प्रश्न:10 आप छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। अपनी दिनचर्या के बारे में बताते हुए अपनी माता जी को पत्र लिखिए।**

**प्रश्न:11 दिए गए मुद्दों के आधार पर किसी एक विषय पर 150-200 शब्दों में निबंध लिखिए। [4]**

1) भ्रष्टाचार का दानव

भ्रष्टाचार का तात्पर्य----भारत में भ्रष्टाचार का फैलाव----- भ्रष्टाचार क्यों पनपता है----- दूर करने के उपाय

2) दहेज -प्रथा :एक अभिशाप

प्रमुख समस्या----दहेज की बुराई क्यों----दुष्परिणाम-----दहेज उन्मूलन के उपाय

3) राष्ट्रीय एकता

एकता का अर्थ और महत्व---भारत की विभिन्नताएं----अनेकता में एकता----भारत की राष्ट्रीय एकता में बाधक तत्व------परस्पर संघर्ष के दुष्परिणाम-----एकता को बल कैसे मिले?

------------------------------------*******************------------------------------------